राज्य् सभा

अतारांकित प्रशना संख्या 1183

6 मई, 2015 को उत्तयर के लिए

समेकित इस्पात संयत्रों में दुर्घटनाएं

1183. श्री तपन कुमार सेन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान निजी तथा सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के समेकित इस्पात संयंत्रों में संयंत्र-वार तथा वर्ष-वार कितनी घातक तथा अघातक दोनों प्रकार की दुर्घटनाएं हुईं;

(ख): इन दुर्घटनाओं में मारे गए तथा घायल नियमित और ठेके पर कार्य करने वाले कर्मचारियों दोनों की संयत्र-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(ग): प्रभावित कामगारों/परिवारों के दिए गए मुआवज़े का ब्यौरा क्या है?

उत्तगर

इस्पा ात और खान राज्यामंत्री **(श्री विष्णुद्धेव साय)**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों की अवधि के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीस इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न एकीकृत इस्पा तसंयंत्रों में जो दुघर्टनायें हुई हैं उनका ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण **<u>अनुलग्नैक</u>** के रूप में संलग् न है।

इस्पा तएक नियंत्रणमुक्तन क्षेत्र है। देश में बड़ी संख्यारमें इस्पासतकारखाने/संयंत्र मौजूद हैं। इसलिए, जहॉ तक निजी इस्पायत क्षेत्र का संबंध है , इस्पाबत मंत्रालय द्वारा अपेक्षित आंकड़े/सूचनाएं नहीं रखी जाती हैं।

(ग): नि यमित कर्मचारियों की घातक दुर्घटनाओं के मामले में प्रतिपूर्ति कानून /कंपनी नीति के अनुसार प्रदान की जाती है। सेल और आरआईएनएल अपने कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति का भुगतान दि इम्पालोई काम्पएनसेशनएक्टप़ इम्पालोई फैमिली बेनिफिट स्कीम और कंपनी नीति के अनुसार रोजगार से और रोजगार के दौरान हुई दुर्घटना के कारण मृ त्यु/विकलांगता की दशा में करते हैं। संविदागत श्रमिक के मामले में प्रतिपूर्ति /आश्रित लाभ का भुगतान कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईएस) द्वारा कर्मचारी राज्यतबीमा योजना (ईएसआईएस) के अंतर्गत किया जाता है। सेल और आरआईएनएल ने गत तीन वर्षों के दौरान घायल व्यगक्तियोंऔर मृत कर्मचारियों के परिवारों को प्रतिपूर्ति के रूप में लगभग 18.72 करोड़ रूपये का भुगतान किया है।

***

अनुलग्नंक

विगत तीन वर्षों के दौरान स्टीतल अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड(सेल) और राष्ट्रीीय इस्पाकत निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न एकीकृत इस्पाात संयंत्रों में घटित होने वाली दुर्घटनाओं का विवरण (संयंत्रवार)

संयंत्र/यूनिट	**घातक दुर्घटनाएं (फैटलिटी)**			**अन्य सूचना योग्यै दुर्घटनाएं (घातक दुर्घटनाओं को छोड़कर)**		
अवधि	**2012**	**2013**	**2014**	**2012**	**2013**	**2014**
स्टीघलअथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड						
भिलाई इस्पानतसंयंत्र(छत्तीथसगढ़)	1	5	8	6	10	11
दुर्गापुर इस्पांत संयंत्र (पश्चिम बंगाल)	7	7	4	0	3	2
राउरकेला इस्पांत संयंत्र (ओडिशा)	5	2	2	4	4	1
बोकारो इस्पांत संयंत्र (झारखंड)	9	6	2	6	5	8
इस्को इस्पाात संयंत्र(पश्चिम बंगाल)	3	3	8	8	7	29
कुल (सेल)	**25**	**23**	**24**	**24**	**29**	**51**
राष्ट्रीयइस्पाात निगम लिमिटेड	**25**	**3**	**5***	**33**	**20**	**14**
कुल योग	**50**	**26**	**29**	**57**	**49**	**65**

* विस्तागर यूनिटों के 02व्यक्तियों को आरआईएनएल को सौंपा नहीं गया।